Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to allot plots to residents of border districts of Jammu & Kashmir forced to vacate their houses due to shelling from across the border.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूँ, जहां पर पाकिस्तान की ओर से रोजाना गोलाबारी हो रही है और हमारे सैनिक उसका भरपूर जवाब भी दे रहे हैं। परन्तु पाकिस्तान की ओर से होने वाली गोलाबारी से सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण जीवन और संपत्ति तथा पशुओं का भारी नुकसान हो रहा है। भारत-पाक सीमा पर जहां गोलाबारी होती है वहां से लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ता है, जिसकी वजह से वहां दर-बदर होते अपनी और अपने बच्चों की जान बचाने के लिए घर-बार छोड़ना पड़ता है।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए पांच मल्ले का प्लॉट आबंटित किया जाये या उनके लिए कालोनियों को स्थापित किया जाये तथा कम्युनिटी सेंटर शेड बनाये जाएँ, ताकि आपात परिस्थितियों में ये लोग शरण ले सकें और जिससे सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों का मनोबल बना रहे और सीमा से ये लोग पलायन न करें।